3822

भारत सरकार

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

हिंदी शिक्षण योजना (परीक्षा स्कंध)

परीक्षार्थी का अनुक्रमांक (अंकों में) ....

(शब्दों में) .... प्राप्तांक ....

परीक्षा की तारीख ...., 2012 परीक्षक के हस्ताक्षर ....

प्रवीण परीक्षा—नवंबर 2012

प्रश्न-पत्र—द्वितीय

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

नोट : कृपया सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें और खाली स्थानों पर उत्तर लिखें ।

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्यों में लिखें । (15 अंक)

स्वास्थ्य हमारी असली संपत्ति है । स्वस्थ मनुष्य ही सुखी जीवन जी सकता है । हमारे शरीर के विभिन्न अंग विभिन्न कार्य करते हैं, जैसे—श्वसन, पाचन, उत्सर्जन इत्यादि । जब शरीर का कोई एक या एक से अधिक तंत्र प्रभावित होता है तब हम बीमार पड़ते हैं । रोगों के मुख्य कारण असंतुलित आहार का सेवन, दूषित पानी पीना, दूषित हवा में श्वास लेना भी है । स्वच्छता रोगों को फैलने से रोकती है ।

(1) सुखी जीवन कौन जी सकता है ?

....

....

(2) हम बीमार कब पड़ते हैं ?

....

....

(3) हमारी असली संपत्ति क्या है ?

....

....

(4) रोगों के मुख्य कारण कौन-कौन से हैं ?

....

....

(5) रोगों को फैलने से कौन रोकता है ?

....

....

2. निम्नलिखित शब्दों के पर्याय लिखकर उन पर्यायवाची शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें :

(15 अंक)

(1) पदोन्नति ....

....

(2) अतिरिक्त ....

....

(3) वृद्ध ....

....

(4) संभव ....

....

(5) तकलीफ ....

....

3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर उन विलोम शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें :

(15 अंक)

(1) सामान्य ....

....

(2) अंतिम ....

....

(3) प्रवेश ....

....

(4) व्यवस्था ....

....

(5) संतुष्ट ....

....

4. आपके मित्र की पदोन्नति हुई है । इस अवसर पर उसे बधाई देते हुए और जीवन में और अधिक प्रगति करने की कामना करते हुए एक पत्र लिखें । (15 अंक)

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

5. निम्नलिखित पदबंधों का वाक्यों में प्रयोग करें : (10 अंक

(1) सपना साकार होना

....

....

(2) मिट्टी में मिल जाना

....

....

(3) मन रमना

....

....

(4) आँख लगना

....

....

(5) चार चाँद लगना

....

....

6. निम्नलिखित शब्दों को सही वर्तनी में पुनः लिखें : (10 अंक)

(1) प्रयश्चीत ....

(2) सुभकमना ....

(3) घन्टा ....

(4) चिन्ह ....

(5) महीलाए ....

(6) स्वभिमनी ....

(7) विग्यान ....

(8) आयाकार कारयालय ....

(9) करमचारि ....

(10) सन्जीवनि ....

7. उपयुक्त परसर्ग चुनकर रिक्त स्थानों को भरें : (10 अंक)
(ने, को, का, के, पर, से, की, में)

(1) आज कार्यालय .... कई कर्मचारी छुट्टी .... हैं ।

(2) राम .... दौरे .... जाने .... अनुमति मिल गई है ।

(3) मेरे घर .... सामने .... एक जुलूस निकला ।

(4) रामपाल .... पदोन्नति होने .... सबको दावत दी ।

(5) सड़क .... गाड़ियों .... जाम लगा है ।

8. निम्नलिखित गद्यांश का सार लिखें तथा उपयुक्त शीर्षक भी दें : (10 अंक)

सामुदायिक स्वास्थ्य का अर्थ है समाज के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना । शहरों में बढ़ती हुई जनसंख्या, औद्योगिकीकरण हमारे वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं । स्थानीय नगर निगम का यह प्रथम उत्तरदायित्व है कि वह प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता रखे । वातावरण को स्वच्छ रखना हम सबका सामूहिक उत्तरदायित्व है । नगर निगम की अनेक जिम्मेदारियाँ हैं, जैसे-स्वच्छ पेय जल की आपूर्ति करना, नालियों की नियमित सफ़ाई करना, मिलों या कारखानों से निकलने वाले दूषित जल एवं अन्य अपशिष्टों के निस्तारण के लिए विविध वैज्ञानिक विधियों, उपकरणों को अपनाकर परिवेश को स्वच्छ रखना, जिससे आम जनता स्वस्थ और सुखी जीवन जी सके ।

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....